वर्ष - 34 अंक - 15 (साप्ताहिक, प्रत्येक गुरुवार) इन्दौर, 22 मई 2025 से 28 मई 2025 मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

आर.एन.आई. रजि. नं. 52089

Email - sonekikalam@gmail.com

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक – चेतन गन्धे , 9893157809

www.sonekikalamnews.com

## यूट्यूबर ज्योति का 4 दिन का पुलिस रिमांड बढ़ा



हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई। करीब डेढ़ घंटे तक उसके रिमांड पर बहस चली। जिसके बाद हिसार पुलिस को उसका 4 दिन का रिमांड और मिल गया। पेशी के बाद ज्योति को मीडिया की नजरों से बचाने के लिए पुलिस फिल्मी स्टाइल में उसे बाहर ले गई। पुलिस ने पहले काले शीशों वाली स्कॉर्पियो मंगाई। फिर मेन गेट बंद करा दिया। इसके बाद ज्योति को उसमें बिठाने के बाद पुलिस वहां से रवाना हो गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। पेशी के वक्त भी ज्योति से पिता हरीश मल्होत्रा को भी नहीं मिलने दिया गया। ज्योति 16 मई को गिरपतार हुई थी। उसके बाद 5 दिन तक रिमांड पर रहते हुए हिसार पुलिस के अलावा NIA, मिलिट्री इंटेलिजेंस, IB और अन्य खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की है।

## अंबिकापुर इंटरसिटी सहित 18 ट्रेन जून के पहले हफ्ते में रहेंगी कैंसल

जबलपुर । जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी सहित न्यू कटनी जंक्शन से गुजरने वाली 18 ट्रेनें जून के पहले सप्ताह में निरस्त रहेंगी। वहीं, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। इस दौरान रेलवे की ओर कटंगी खुर्द से झलवारा स्टेशन तक निर्मित कार्ड लाइन को जोड़ने का कार्य होगा। रेल लाइन को कटनी ग्रेड सेपरेटर से भी जोड़ा जाएगा। इसके प्रीएनआइ और एनआइ कार्य के ब्लाक के लिए ग्रेड सेपरेटर कार्ड लाइन बनाने वाली कंपनी इरकान की ओर से ब्लाक मांगा गया था। इसे दक्षिण पूर्व मध्य रेल ने स्वीकृति प्रदान कर दिया है। इससे पूर्व मई माह में कार्य प्रस्तावित किया गया था।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश को दी 6 अमृत रेलवे स्टेशनों की सौगात

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया आभार

भोपाल, सोने की कलम।



भारतीय रेल के लिए आज दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअली जुड़कर अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया।

देश में कुल 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में मध्य प्रदेश के 6 अमृत स्टेशन शामिल हैं। शाजापुर स्टेशन के साथ ही इसमें कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, सिवनी और ओरछा स्टेशन शामिल है। देश के विकास का प्रवेश द्वार सिद्ध होने जा रहे ये सभी स्टेशन न सिर्फ यात्रियों को सुगम, सुरक्षित व आनंददायक यात्रा का अनुभव देंगे, बल्कि व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे।

### बीकानेर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## देशनोक रेलवे स्टेशन पर बच्चों से मिले

## ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

### करणी माता मंदिर में पूजा-अर्चना की





बीकानेर। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार आज (गुरुवार) राजस्थान आए हैं। सुबह करीब साढ़े दस बजे बीकानेर एयरबेस पहुंचे। यहां से सीधे करणी माता मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद देशनोक में राजस्थान के शूरवीरों की लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। देशनोक रेलवे स्टेशन पर बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यहां उन्होंने बच्चों से मुलाकात भी की।

मोदी देशनोक में अमृत योजना के तहत बने देशनोक सहित देश के 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन, करणी माता के दर्शन और देशनोक के पलाना गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे।

नाल एयरपोर्ट पर प्रदेश के राज्यपाल हरिभाई बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री करीब तीन घंटे तक बीकानेर में रुकेंगे। प्रधानमंत्री बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके अलावा 26 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

## यूपी में आंधी-बारिश से 22 की मौत,महिला की गर्दन कटी

### राजस्थान में 48ए पर पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे, 31 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि, इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में बुधवार




शाम मेरठ, आगरा समेत 12 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 22 की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने मुताबिक, आज 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में रूष्ट के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है।

# जल्द किये जाएं सिंहस्थ 2028 से संबंधित सभी कार्य

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीसरी बैठक को किया संबोधित



भोपाल, सोने की कलम।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ 2028 से संबंधित सभी अधोसंरचना के कार्यों को जल्द पूर्ण करना आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की समय सीमा निर्धारित कर, गतिविधियां संचालित की जाएं। कार्यालीन प्रक्रियाओं को वर्षाकाल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिसमें वर्षाकाल के तुरंत बाद निर्माण प्रक्रिया तत्काल आरंभ की जा सकें। नगर निगम उज्जैन, विकास प्राधिकरण सहित अन्य निर्माण ऐजेंसियों में यदि तकनीकी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी है तो अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लेकर यह कमी दूर की जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का रेल से बड़ी संख्या में आवागमन होगा और महाकालेश्वर सहित ओंकारेश्वर तथा मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भी श्रद्धालुओं के आवागमन के मुख्य केंद्र रहेंगे। अत: सड़क मार्गों के साथ-साथ रेलवे से बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना आवश्यक है। इससे क्षेत्र में रेल यातायात को सुगम तथा श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ 2028 की मंत्रि- मण्डलीय समिति की तीसरी बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई इस बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, खाद्य नागरिका आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित थे।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में इंदौर के राजवाड़ा में हुई संपन्न

# 3.867 करोड़ की योजनाओं और निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

**लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति**

इन्दौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। मंत्रि-परिषद ने 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जायेगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपए प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रूपये प्रति व्यक्ति ऋण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा। प्रतिवर्ष योजना पर लगभग 100 करोड़ रूपए का व्यय किया जायेगा।

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025 को स्वीकृत करने का निर्णय लिया हैं। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भारतीय संविधान में विहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों का क्षेत्रीय स्तर पर समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने के लिए घोषणा की गई थी। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार कर महानगर योजना समिति से विकास योजना अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा महानगर क्षेत्र की विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करने के बाद विकास योजना का क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। महानगर क्षेत्र की विकास योजना में ऐसे क्षेत्र की भौगोलिक आवश्यकता अनुसार शैक्षणिक, औ?द्योगिक, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विकास हो सकेगा, जिससे कि रोजगार एवं आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

## प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति



मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन कार्यक्रम की वित्तीय वर्ष-2028-29 तक निरंतरता की स्वीकृति दी। इसमें आगामी 4 वित्तीय वर्षों 2025-26, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए राज्यांश राशि 167 करोड़ 74 लाख रूपये और निकाय अंशदान राशि 59 करोड़ 31 लाख रूपये, कुल राशि 227 करोड़ 5 लाख रूपये का व्यय अनुमानित है।योजना में राशि का प्रयोग प्रदेश के नगरीय निकायों में सेप्टिक टैंक से निकलने वाले स्लज के परिवहन के लिए डी-स्लजिंग वाहन, सीवर लाईन की सफाई के लिए सफाई उपकरणों, ठोस अपशिष्ट के संग्रहण एवं परिवहन के लिए वाहन तथा नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं पीपीई किट के लिए अनुदान प्रदान कर तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जायेगा। राज्य स्तर पर संचालित नगरीय स्वच्छता की समस्त गतिविधियों को समेकित कर मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता कार्यक्रम का आरम्भ 28 अगस्त 2012 को किया गया था।

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को बढ़ाने , बेहतर वातावरण प्रदान करने और महिलाओं के कामकाजी जीवन को आसान बनाने के लिए प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति दी है। विक्रम उद्योगपुरी जिला उज्जैन, पीथमपुर सेक्टर-1 एवं 2 जिला धार, मालनपुर घिरौंगी (भिंड) एवं मंडीदीप (रायसेन) में कामकाजी महिला छात्रावासों अन्तर्गत कुल 26 हॉस्टलों और भवनों का निर्माण किया जायेगा। प्रत्येक में 222 बेड की क्षमता होगी। इस प्रकार कुल 5 हजार 572 बेड क्षमता के हॉस्टलों का निर्माण भारत सरकार के सहयोग से औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग अन्तर्गत एमपीआईडीसी लि. द्वारा किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेटस फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट 2024-25 स्कीम में वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण किया जाना है।

वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स में आधुनिक सुविधाएं, पर्याप्त पार्किंग, फूड कोर्ट और मनोरंजन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थान उपलब्ध होगा। कामकाजी महिला छात्रावासों में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और नौकरी के अवसरों की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जायेगी। रियायती दरों पर भोजन एवं न्यूनतम किराये पर बेड उपलब्ध कराया जायेगा। बुनियादी अधोसंरचनाओं जैसे-पार्किंग, रिक्रिएशनल रूम, पेन्ट्री, डायनिंग एरिया, कॉमन टॉयलेटस, कॉमर्शियल दुकानें इत्यादि सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा।




## संपादकीय

# बेनकाब होगा पाक

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है।



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नई दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आई है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे।

पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नई दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए।

पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया। भारत की कूटनीतिक पहल से दोनों देशों पर दबाव पड़ेगा और दूसरे देश भी पड़ोसी मुल्क की सच्चाई से वाकिफ होंगे।

सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।

# नगर निगम का कार्यालय अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

## सफाईकर्मी से नियुक्ति के बदले वसूल रहा था रुपए




**◆इंदौर, सोने की कलम। इंदौर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस ने नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक संजय वेद को बुधवार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वेद एक सफाईकर्मी से नियुक्ति दिलाने के बदले में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।**

शिकायतकर्ता सफाईकर्मी पहले ही 5 हजार रुपये की पहली किश्त दे चुका था। बुधवार को जब उसने 7 हजार रुपये की दूसरी किश्त दी, तो लोकायुक्त की टीम ने तत्काल उसे दबोच लिया।

लालाराम नगर निवासी भरत अर्जुन सिंगोलिया ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दी थी कि वह वर्ष 2008 से जुलाई 2024 तक इंदौर नगर निगम के जोन क्रमांक 11 और 18 में मस्टरकर्मी (सफाईकर्मी) के रूप में कार्यरत रहा।

जुलाई 2024 में उसे कार्यमुक्त कर दिया गया था। उसके बाद में उसने अपील की, जिस पर 13 मई 2025 को उपायुक्त ने दोबारा जोन-18 में नियुक्ति का आदेश दिया। जब वह नियुक्ति आदेश लेकर ज्वाइनिंग के लिए गया तो कार्यालय अधीक्षक संजय वेद ने 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद आखिरकार रिश्वत की रकम 15 हजार रुपये में तय हुई। संजय वेद पहले ही पांच हजार रुपये ले चुका था और बुधवार को सफाईकर्मी से बाकी सात हजार रुपये लेने के लिए पिपल्याहाना चौराहे पर पहुंचा। जैसे ही उसने रुपये लिए, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसने बचने के लिए कहा कि रुपये जबरदस्ती उसकी जेब में रख दिए गए, लेकिन लोकायुक्त ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला अब आगे की जांच में है।

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर हेड कॉन्स्टेबल ने किया सुसाइड

## महिला रुपए मांग रही थी, झूठे केस में फंसाने की दे रही थी धमकी



**◆इंदौर, सोने की कलम। एमआईजी इलाके के सरकारी क्वार्टर में रहने वाले हेड कॉन्स्टेबल विनोद यादव ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। कनाड़िया में रहने वाली एक महिला यादव को ब्लैकमेल कर रही थी। वह रुपए नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। देर रात पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।**

महिला ने शुरुआती पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह लगातार विनोद यादव को कॉल कर रही थी। इस दौरान विनोद ने सुसाइड की बात कही। वह ओला कैब से विनोद के घर पहुंची, जहां उसने देखा कि विनोद फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद वह मदद के लिए बाहर आई, तब पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। महिला का पति भी कनाड़िया इलाके में पुलिस वाहन चलाता है।

परदेशीपुरा टीआई आर. डी. कानवा ने बताया कि विनोद कल थाने से साढ़े 5 बजे चला गया था। उसे साढ़े छह बजे रोल कॉल में आना था, लेकिन वह नहीं आया। करीब एक घंटे बाद उसकी मौत की सूचना आई। स्टाफ के लोगों ने बताया कि विनोद कल किसी के साथ नहीं था और थाने में विवेचना का काम कर रहा था। कल उसका व्यवहार सामान्य था, हालांकि वह पिछले कुछ महीनों से ज्यादा किसी से बात नहीं कर रहा था।

एमआईजी थाने में विनोद यादव के सुसाइड के बाद एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह, एएसपी सोनू डाबर और टीआई आरडी कानवा सहित अन्य अफसर मौके पर पहुंचे। विनोद यादव के बारे में अफसरों को शुरुआत में जानकारी लगी थी कि वह काफी समय से डिप्रेशन में थे।

### पत्नी नहीं बच्चों के भरण-पोषण के लिए पैसा दे पति

इंदौर। शादी के 9 साल बाद पति से अलग रहने लगी पत्नी के भरण पोषण का आदेश कुटुंब न्यायालय ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने दिए अपने आदेश में कहा कि पत्नी के पास पति से अलग रहने का कोई ठोस कारण नहीं है। भले ही पत्नी अपना भरण पोषण न कर पाए लेकिन बच्चे नाबालिग हैं और मां के साथ रहते हैं इसलिए हर माह पति को एक निश्चित राशि देना होगी। एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि गौरी नगर निवासी पत्नी सुलोचना और ट्रक व्यवसायी अमन की शादी 2013 में हुई थी। शादी के 9 साल बाद 2022 में सुलोचना ने अमन के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत की। शिकायत में कहा कि पति अमन शादी के बाद से ही कम दहेज लाने के लिए परेशान कर रहे हैं।

दहेज न लाने पर ताने मारना, अपशब्द कहना, मारपीट करना और बच्चों की डिलीवरी का खर्चा उठाने से मना कर दिया। इतना ही नहीं पांच लाख रुपए दहेज भी मांगा। सुलोचना ने कहा कि मई 2022 में घर से निकाल दिया। इसकी शिकायत उसने हीरा नगर थाने में की थी।

शिकायत के आधार पर सुलोचना ने अपने और बच्चों के भरण पोषण की मांग करते हुए कुटुंब न्यायालय की शरण ली। अमन की ओर से जवाब देते हुए एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने कहा कि सुलोचना ने यह केस झूठे आधार पर प्रस्तुत किया है। इतना ही नहीं अमन का डेबिट (अरू) कार्ड भी काम में ले रही है।

कोर्ट ने कहा कि शादी के 9 साल बाद शिकायत करना और एफआईआर दर्ज नहीं कराना हास्यास्पद है। सुलोचना कोर्ट में इसका स्पष्टीकरण भी नहीं दे सकी। कोर्ट ने पैसे के लिए परेशान करने वाली बात को संदेहास्पद माना।

# अगले 5 दिन बारिश का अलर्ट

## तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम; हल्की बारिश-ठंडी हवा चलने से उमस से राहत

**◆इंदौर, सोने की कलम। बुधवार शाम अचानक मौसम बदल गया। दिन में तेज धूप निकली हुई थी वहीं लोग उमस से परेशान हो रहे थे, लेकिन शाम होते ही शहर में तेज हवा चलने लगी। वहीं शहर के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई तो कई इलाकों में बूंदाबांदी होने लगी। जिसके बाद ठंडी हवा चलने से लोगों को उमस से निजात मिली। मौसम विभाग के अनुसार इंदौर में गुरुवार को भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। प्रदेश के ग्वालियर-चंबल संभाग में लू और इंदौर, भोपाल समेत 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।**

इंदौर एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री कम था। वहीं मंगलवार दिन का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6 डिग्री कम था। रात का न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा था। सोमवार की बात करें तो दिन का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री



दर्ज किया गया है, लेकिन कल से शहर में बादल होने की वजह से अचानक दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है।

हालांकि पिछले दो-तीन दिनों से लोग गर्मी से ज्यादा उमस से परेशान हैं। वहीं कल हवाओं का रुख पश्चिमी रहा और अधिकतम रफ्तार 15 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि एक ट्रफ मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। वहीं एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की एक्टिविटी भी है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। अगले कुछ दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

### मई बनेगा सबसे ठंडा महीना, तीखी गर्मी से राहत

इस साल मई का महीना पिछले कई वर्षों की तुलना में सबसे ठंडा साबित हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बार तीखी गर्मी नहीं पड़ेगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। बादल, ठंडी हवाएं और हल्की बारिश मई और जून की शुरुआत को आरामदायक बना सकती हैं। शहरवासियों के लिए यह एक राहत भरी खबर है क्योंकि सामान्यत: मई महीने में लू और तेज तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित रहता है। बता दें कि इस साल मई में अभी तक सिर्फ शुरूआत के तीन दिन ही दिन का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहा, बाकी के दिनों में तापमान 38 डिग्री को पार नहीं कर पाया।

# जनपद पंचायत सांवेर में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण संपन्न

## प्रशिक्षण में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा



◆इंदौर, सोने की कलम। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सांवेर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांवेर और डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री सुमित जैन के नेतृत्व में आज सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का उत्कृष्ट आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 124 प्रतिभागियों ने सिविल डिफेंस फॉर्म भरकर अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन की बारीकियों को गहराई से समझने का अवसर मिला।

इस अवसर पर एसडीईआरएफ के सौजन्य से आपदा उपकरणों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें आधुनिक उपकरणों के उपयोग एवं उनके कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने उपकरणों को नजदीक से समझा और उन्हें आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी रूप से इस्तेमाल करने की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के बीच सक्रिय संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ, जिससे सभी ने महत्वपूर्ण सीख हासिल की। प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और सिविल डिफेंस की अहमियत को रेखांकित किया। कई प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को बेहद प्रेरणादायक और व्यावहारिक बताते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की।

सिविल डिफेंस प्रशिक्षण ने आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ टीमवर्क और अनुशासन की भावना को भी सशक्त किया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री सुमित जैन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को देखते हुए सैनिकों के कल्याण के लिये अनूठी पहल

# सेवानिवृत प्राध्यापक संगठन द्वारा सैनिकों के कल्याण के लिए दी गई डेढ़ लाख रुपये की सहयोग निधि



इन्दौर। इंदौर में ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को देखते हुए सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिये अनूठी पहल हुई है। सेवानिवृत्त मध्यप्रदेश शासकीय महाविद्यालनीय प्राध्यापक मंच द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों के सहायतार्थ सशस्त्र सेना झंडा निधि में एक लाख 50 हजार रुपये की सहयोग राशि दान की है। यह दानराशि संस्था के वरिष्ठ सदस्यों डॉ. प्रभुदयाल ज्ञानानी, डॉ. नरेंद्र ओझा एवं डॉ. राजेश दीक्षित द्वारा आज 21 मई को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शहीदों के सम्मान एवं ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को समर्पित करते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (सेवानिवृत्त) को भेंट स्वरूप प्रदान की। उल्लेखनीय है कि यह राशि भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की विधवाओं एवं उनके परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा उपयोग में ली जाती है। इस सराहनीय योगदान के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सेवानिवृत मध्यप्रदेश शासकीय महाविद्यालनीय प्राध्यापक मंच के सभी दानदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं सेना के कल्याणार्थ हेतु इस बहुमूल्य योगदान के लिए प्राध्यापक मंच की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि एक लाख 50 हजार रुपये की धनराशि का योगदान देने पर संस्था को आगामी वर्ष में राज भवन, मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में राज्यपाल महोदय द्वारा संस्था को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा।

### जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने ली समीक्षा बैठक

# जल गंगा संवर्धन अभियान बन रहा है जन आंदोलन



◆इंदौर, सोने की कलम। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा पर प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान इन्दौर जिले में जन आन्दोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है। ग्रामीणों और समाजसेवियों की भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के फलस्वरूप इन्दौर में जल संचय होगा, जिसका सीधा लाभ आमजन और किसानों को मिलेगा। इसके लिए अभियान के तहत इंदौर जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ किये गए हैं। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर में अभियान की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी तालाबों, कुएं और बावड़ियों पर से सारे अतिक्रमण हटाये जाये, जिससे इनमें अधिक से अधिक मात्रा में जल संग्रहण हो।**

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में श्री सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में लागू कर जल संवर्धन के कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है, ताकि हम आने वाली पीढ़ी को हम प्रचुर मात्रा में जल संचय भण्डार विरासत में दे सकें।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस कार्य को जन आन्दोलन बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है, इस बात का आह्वान होना चाहिए। ताकि सभी समाजसेवियों इस पुनीत कार्य में महती योगदान दें।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान इन्दौर में ख्याति प्राप्त कर चुका है। वर्तमान में इन्दौर जिले में जल गंगा अभियान के अन्तर्गत 705 खेत तालाब, 1200 डग वेल रिचार्ज, 63 बावड़ी एवं चेकडेम जीर्णोद्धार, 5000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ 12 अमृत सरोवर पर कार्य हो रहा है, जिसमें प्रगति होगी। पिछले वर्ष 2024 में जिले में 101 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया इस बार लक्ष्य बढ़ाकर कार्य किया जा रहा है। इन्दौर जिले के 43 ग्राम पंचायतों में तालाबों का गहरीकरण कार्य किया जा रहा जिससे 2300 कृषकों को लाभ हुआ। मनरेगा योजनान्तर्गत सामुदायिक हितग्राही मूलक वृक्षारोपण किये गए जिसमें इन्दौर जिले में 3 लाख से अधिक पौधे रोपित किये गए और आने वाले समय में इस वर्ष 10 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य अभियंता, जल संसाधन ने जल गंगा संवर्धन के दौरान बताया कि इन्दौर जिले में 18 वृहद तालाबों पर से अतिक्रमण हटाकर जल संचय करने के लिए योजना तैयार की है, इस वर्ष अधिक जल संचय करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे सभी को लाभ होगा। सभी तालाबों पर किसानों और ग्रामीणों से श्रमदान करके तालाबों को गहरीकरण और सौन्दर्गीकरण किया जा रहा है। तालाबों के पाल पर स्वच्छता का कार्य भी किया जा रहा है।

समीक्षा के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने प्राचीन तालाब, कुएं, बावड़ियों के अलावा अन्य जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार पर बल देते हुए बताया कि सांवेर के बरलाई जागीर की

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड़, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)